दिनांक 31.05.2025 समय: 2.10PM

# आकाशवाणी भोपाल
# दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री महासम्मेलन

लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती पर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर ने कहा था कि शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर ने अपने राज्य को समृद्दि की नई दिशा दी।

उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है. आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी। यही चुनौती उनके और उनके आकाओं को लिए काल बन गई। हमारी सेना ने दुश्मन के घर में सैकड़ों किमी दूर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। इसके अलावा श्री मोदी ने 1 हजार 271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण के लिए पहली किश्त भी जारी की। अटल ग्राम सुशासन भवनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थाई भवन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित डाक टिकट और 300 रुपए का स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर की लोक कलाकार डा जयमति कश्यप को प्रतिष्ठित अहिल्याबाई राष्ट्रिय सम्मान प्रदान किया. इस सम्मेलन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि शामिल हुए।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

प्रदेश में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रदेश की थीम – तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रदेश के छिंदवाड़ा, शाजापुर सहित अन्य जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियॉं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान तंबाकू के सेवन से दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष के पर्यावरण दिवस का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण का उन्मूलन" पर आधारित रहेगा। प्रदेश में इस वर्ष के अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से किया जायेगा। यह अभियान 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा। अभियान में जन–सहयोग से पौध–रोपण किया जायेगा।विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में किया जायेगा।

मौसम

प्रदेश में तेज आंधी–बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज राजधानी भोपाल समेत 21 से ज्यादा जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। यहां 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। विभाग के अनुसार, प्रदेश में 3 जून तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हालांकि, तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रात में पारा बढ़ सकता है, लेकिन कहीं भी हीट वेव का अलर्ट नहीं है।

समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में आज लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आगरमालवा जिले में आयोजित किसान जागरूकता शिविर में किसानों को जैविक खेती, के साथ पशुपालन अपनाने पर जोर दिया गया।
- प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा।
- बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आमढाना गांव में आज सुबह एक सड़क हादसे में 12 लोग घायल हो गए। घायलों को घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

-------------------